आईआईएम रांची का एम्स देवघर के साथ एमओयू

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची ने देवघर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ एमओयू किया है। यह समझौता ज्ञापन शिक्षा, अनुसंधान और सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए है, ताकि सहयोगात्मक व्यवस्था विकसित की जा सके।

एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच संबंधों को और बढ़ाने के लिए सहयोगी शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भागीदारी होगी। इस एमओयू का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रबंधन, अनुसंधान और सेवा के क्षेत्रों में आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह, देवघर एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो सौरभ वार्ष्णेय के बीच एमओयू की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया गया। मौके पर प्रो पीके बाला और प्रो रोहित कुमार भी मौजूद थे।

Hindustan, 27.03.2021, Pg. 08